# कक्षा–9 हिन्दी (पाठ्यक्रम-ब) कोड संख्या (085)

| संकलित परीक्षा 1 (एस 1) हेतु भार विभाजन (अप्रैल-सितम्बर) | | कुल भार % |
|---|---|---|
| विषयवस्तु | अंक | |
| अपठित बोध | 20 | **30%** |
| व्याकरण | 20 | |
| पाठ्यपुस्तक व पूरकपाठ्यपुस्तक | 40 | |
| लेखन | 10 | |
| फॉरमैटिव परीक्षा(एफ–1 व एफ 2) | | **20%** |
| कुल भार | | **50%** |

**टिप्पणी:**

**1. संकलित परीक्षा एक (एस-1) 90 अंकों की होगी।** 90 अंकों को मूल्यांकन के पश्चात 30 अंकों में से परिवर्तित कर लिया जाएगा तदुपरांत ग्रेड का निर्धारण किया जाएगा

## कक्षा नौवीं हिन्दी 'ब'- संकलित परीक्षाओं हेतु परीक्षा विनिर्देशन 2010-2011

## खण्ड-क : अपठित बोध

प्रश्न संख्या 1-4 **(20 अंक)**

- दो अपठित गद्यांश 100 से 150 शब्द
- दो अपठित काव्यांश 100 से 150 शब्द

उपर्युक्त गद्यांश व पद्यांश पर शीर्षक का चुनाव, विषय-वस्तु का बोध, भाषिक बिंदु/संरचना आदि पर **चार प्रश्न** पूछे जाएँगे प्रत्येक प्रश्न के **पाँच बहुवैकल्पिक** भाग होंगे तथा प्रत्येक भाग का **एक अंक** होगा ।

## खण्ड-ख : व्यावहारिक व्याकरण

### प्रश्न संख्या 5-9 (20 अंक)

निर्धारित विषयों पर विषय-वस्तु का बोध, भाषिक बिंदु/संरचना आदि पर **पाँच प्रश्न** पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न **4 अंक** का होगा।

## खण्ड-ग : पाठ्यपुस्तक स्पर्श भाग-1 व पूरक पाठ्यपुस्तक संचयन भाग-1

### प्रश्न संख्या 10-16 (40 अंक)

### प्रश्न संख्या 10

पाठ्यपुस्तक 'स्पर्श' के निर्धारित पाठों में से कोई **दो** पद्यांश दिए जाएंगे तथा इन पर विषय-वस्तु का बोध, भाषिक बिंदु/संरचना आदि पर बहुवैकल्पिक **पाँच** प्रश्न पूछे जाएँगे तथा इस प्रत्येक प्रश्न के **चार विकल्प** होंगे तथा प्रत्येक भाग का **एक अंक** होगा । छात्रों को कोई **एक** पद्यांश करना होगा।**(5 अंक)**

### प्रश्न संख्या 11

पाठ्यपुस्तक 'स्पर्श' के गद्य पाठों के आधार पर **तीन लघुउत्तरीय** प्रश्न पूछे जाएँगे । इन प्रश्नों का कुल भार नौ **अंक** होगा (3+3)। छात्रों को कोई **दो प्रश्न** करने होंगे । ये प्रश्न छात्रों की साहित्य को पढ़कर समझ पाने की क्षमता के आकलन पर आधारित होंगे। **(6 अंक)**

### प्रश्न संख्या 12

पाठ्यपुस्तक 'स्पर्श' के निर्धारित पाठों (गद्य) पर **पाँच अंक** का **एक** निबंधात्मक प्रश्न पूछा जाएगा **(विकल्प सहित)** । यह प्रश्न छात्रों की हिंदी के माध्यम से अपने अनुभव को लिखकर सहज अभिव्यक्ति कर पाने की क्षमता का आकलन करने पर आधारित होगा। **(5 अंक)**

### प्रश्न संख्या 13

पाठ्यपुस्तक 'स्पर्श' के निर्धारित पाठों (गद्य) में से **दो गद्यांश** दिए जाएंगे तथा इस में से छात्रों को कोई **एक करना होगा** । इस पर **तीन या चार लघुउत्तरीय प्रश्न** पूछे जाएँगे । इन प्रश्नों का कुल भार **पाँच** अंक होगा । यह प्रश्न हिंदी गद्य के संदर्भ में विषय तथा अर्थबोध की क्षमता का आकलन करने पर केंद्रित होंगे। **(5 अंक)**

### प्रश्न संख्या 14

पाठ्यपुस्तक 'स्पर्श' के पद्य पाठों के आधार पर **चार लघुउत्तरीय** प्रश्न पूछे जाएँगे । इन प्रश्नों का कुल भार नौ **अंक** होगा (3+3+3)। छात्रों को कोई **तीन प्रश्न** करने होंगे । ये प्रश्न कविताओं के विषय , काव्य बोध, अर्थ बोध व सराहना को सरल शब्दों में अभिव्यक्त करने की क्षमता पर आधारित होंगे। **(9 अंक)**

### प्रश्न संख्या 15

पूरक पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों में से **तीन** प्रश्न देकर किन्हीं **दो** के उत्तर पूछे जाँएगे । इन प्रश्नों का कुल भार **छः** (3+3)2 अंक होगा । ये प्रश्न पाठ की समझ व उनकी सहज अभिव्यक्ति की क्षमता पर आधारित होंगे। **(6 अंक)**

### प्रश्न संख्या 16

पूरक पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों में से **दो** प्रश्न देकर किसी एक का उत्तर पूछा जाएगा । इस प्रश्न का कुल भार **चार** अंक होगा ये छात्रों के अपने अनुभवों व उनकी संवेदनशीलता को परखने के लिए होगा। **(4 अंक)**

## खण्ड-घ : लेखन

**प्रश्न संख्या** 17-18 (10 **अंक**)

**प्रश्न संख्या** 17

इस प्रश्न में संकेत बिन्दुओं पर आधारित समसामयिक एवं व्यावहारिक जीवन से जुड़े हुए विषयों पर **80 से** 100 शब्दों में **तीन** में से किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखने के लिए कहा जाएगा । यह अनुच्छेद **विभिन्न विषयों** और संदर्भो पर छात्रों के तर्कसंगत विचार **प्रकट** करने की क्षमता को परखने के लिए होंगे । **(5 अंक)**

**प्रश्न संख्या** 18

इस प्रश्न में **किन्हीं दो अनौपचारिक** विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखने के लिए कहा जाएगा । यह प्रश्न अभिव्यक्ति की क्षमता पर केन्द्रित होगा । **(5 अंक)**

## कक्षा नौवीं

## पाठ्यक्रम ब - संकलित परीक्षा -1

## खण्ड 'क'

समय: 3 घंटे

अंक 90

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए– **अंक 5**

*बूढ़े सियार ने भेड़ों को रोक कर कहा, भाइयों और बहनों! अब भय मत करो। भेड़िया राजा संत हो गए हैं। उन्होंने हिंसा बिल्कुल छोड़ दी है। उनका हृदय परिवर्तन हो गया है। वे आज सात दिनों से घास खा रहे हैं। रात-दिन भगवान के भजन व परोपकार में लगे हैं। उन्होंने अपना जीवन जीव-मात्र की सेवा में अर्पित कर दिया है। अब वे किसी का दिल नहीं दुखाते, किसी का रोम तक नहीं छूते। भेड़ों से उन्हें विशेष प्रेम है। इस जाति ने जो कष्ट सहे हैं, उनकी याद करके कभी-कभी भेड़िया संत की आँखों से आँसू आ जाते हैं। उनकी अपनी भेड़िया जाति ने जो अत्याचार आप पर किए हैं, उनके कारण संत का माथा लज्जा से जो झुका है, सो झुका ही हुआ है, परंतु अब वे शेष जीवन आपकी सेवा में लगाकर प्रायश्चित करेंगे। आज सवेरे की बात है कि एक मासूम भेड़ के बच्चे के पाँव में काँटा लग गया तो भेड़िया संत ने उसे दाँतों से निकाला; पर जब वह बेचारा कष्ट में चल बसा तो भेड़िया संत ने सम्मानपूर्वक उसकी अत्येष्टि क्रिया की। उनके घर के पास हड्डियों का जो ढ़ेर आप देख रहे है , वह उसी का है ।अब वे सर्वस्व त्याग चुके हैं। अब आप उनसे भय मत करो।*

1. **बूढ़े भेड़िया का हृदय परिवर्तन कैसे हो गया?** 1

(क) भेड़िये ने माँस खाना शुरु कर दिया

(ख) उसने घास खानी शुरू कर दी।

(ग) उसने सभी खाना छोड़ दिया

(घ) किसी की भी तरफ आँख उठाना बंद कर दिया।

2. **'भेड़ों से उन्हें विशेष प्रेम है', इसका आशय है** 1

(क) गरीबों के खून को चूसा जाए

(ख) उनका उद्धार किया जाए

(ग) गरीबों को बढ़ावा दिया जाए

(घ) गरीबों से कुछ न कहा जाए

3. **प्रस्तुत कहानी में किस पर व्यंग्य किया गया है?** 1

(क) अमीरों पर

(ख) लोकतंत्र पर

(ग) चुनाव प्रक्रिया पर

(घ) भेड़िये पर

4. **'प्रायश्चित' शब्द का अर्थ है-** 1

(क) अंतिम संस्कार

(ख) कपटी

(ग) पश्चाताप

(घ) उपाय

5. **प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?** 1

(क) गरीब-अमीर

(ख) मेरा पश्चाताप

(ग) भय की समाप्ति

(घ) भेडिये व भेड़

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**अंक 5**

*मँहगाई या मूल्यवृद्धि से आज समस्त विश्व त्रस्त है। भारत बढ़ती मँहगाई की चपेट में बुरी तरह से जकड़ा हुआ है। जीवनपयोगी वस्तुओं के दाम दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं जिनसे जन-साधारण को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मँहगाई से देश के आर्थिक ढाँचे पर अत्यधिक दवाब पड़ रहा है। मँहगाई के निर्मम चरण अनवरत रूप से अग्रसर है; पता नहीं वे कब व कहाँ रूकेंगे आज कोई भी वस्तु बाजार में सस्ते दामों पर उपलब्ध नहीं है, समाज का प्रत्येक वर्ग मँहगाई की मार को अनाहूत अतिथि की तहर सहन कर रहा है, इसका सर्वग्राही प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर पड़ रहा है। सरकारी योजनाओं पर अत्यधिक खर्च हो रहा है। अपने स्वार्थ के लिए लोगों में धार्मिक, सामाजिक तथा नैतिक मान्यताएँ पीछे छूट जाती है और भ्रष्ट्राचार का वोलबाला हो जाता है। अर्थशास्त्र की मान्यता है कि यदि किसी वस्तु की माँग उत्पादन से अधिक हो तो मूल्यों में स्वाभाविक रूप से वृद्धि हो जाती है।*

1. **आज मँहगाई से कौन दुखी है?** 1

(क) उद्योगपति

(ख) सारा विश्व

(ग) चीन

(घ) नेपाल

2. **महँगाई से देश का कौन-सा ढाँचा डगमगा रहा है?** 1

(क) आर्थिक

(ख) सामाजिक

(ग) राजनैतिक

(घ) नैतिक

3. **अर्थशास्त्र के अनुसार मँहगाई का कारण है?** 1

(क) माँग से अधिक उत्पादन

(ख) धार्मिक मान्यताएँ

(ग) उत्पादन से अधिक माँग

(घ) राजनैतिक दवाब

4. **'अनाहत' का विलोम शब्द है** 1

(क) हत

(ख) ओहूत

(ग) अहूत

(घ) नाहुत

5. **इस गद्यांश का उचित शीर्षक है-** 1

(क) भ्रष्ट्राचार

(ख) अर्थशास्त्र

(ग) जमाखोरी

(घ) मँहगाई

**प्रश्न 3.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए–

**अंक 5**

*आज तुम्हें मुक्ति मिली, कौन तुम्हें दास कहे?*
*स्वामी तुम ऋतुओं के संवत् के संग-संग चलते चलो।*
*नदियों ने चलकर ही*

*सागर का रूप लिया*
*मेघों ने चलकर ही*
*धरती को गर्भ दिया*
*रूकने का मरण नाम, पीछे सब प्रसार है।*
*आगे है रंगमहल, युग के ही संग-संग चलते चलो।*
*मानव जिस ओर गया*
*नगर बने, तीर्थ बने*
*तुम से है कौन बड़ा?*
*गगन-सिंधु मित्र बने,*
*भूमि का भोगों सुख, नदियों का सोम पियो*
*त्यागे सब जीर्ण वसन, नूतन के संग-संग चलते चलो।*

1. **इस कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है?** 1

(क) निरतरंता का

(ख) बादलों की तरह गर्जना

(ग) सागर की तरह अथाह होने का

(घ) ऋतुओं की तरह परिवर्तित होने का

2. **'युग के संग-संग चलते चलो'- का क्या आशय है?** 1

(क) समय के साथ चलना

(ख) नदियों की तरह बहना

(ग) रंग महलों के साथ चलना

(घ) आकाश व सागर के साथ चलना

3. **त्यागो सव जीर्ण वसन- का तात्पर्य है;** 1

(क) सब पुराने वस्त्र त्याग दो

(ख) सदा नए वस्त्र धारण करो

(ग) पुरानी सड़ी गली रुढ़ियों को त्याग दो

(घ) सभी भावनाओं को त्याग दो

4. **'स्वामी तुम ऋतुओं के, संवत, के संग-संग चलते चलो'- इस पंक्ति का अर्थ है;** 1

(क) तुममें परिवर्तन की शक्ति है

(ख) तुम मौसम बदल सकते हो

(ग) तकनीकी विकास की ओर संकेत

(घ) नए वर्ष की ओर संकेत

5. **'तुमसे है कौन बड़ा'– कवि ने मनुष्य को सबसे बड़ा क्यों कहा है?** 1

(क) निरतंर संघर्ष के कारण

(ख) सृष्टि की निर्जीव तत्वों को जानने के कारण

(ग) सृष्टि की सजीव तत्वों का रहस्य जानने के कारण

(घ) सृष्टि के सजीव व निर्जीव तत्वों पर विजय पाने के कारण

**प्रश्न 4.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए– **अंक 5**

*यह सड़क जो खून बह रहा है*
*ठसे सूँघकर तो देखो*
*और पहचानने की कोशिश करो*
*यह हिन्दू का है या मुसलमान का*
*किसी सिक्ख का या ईसाई का*
*किसी बहन का या भाई का*
*सड़क पर इधर-उधर पड़े*
*पत्थरों के नीच में दबे*
*टिफ़िन कैरियर से*
*जो रोटी की गंध आ रही है*
*वह किस जाति की है,*
*हाँ मैं बता सकता हूँ*
*यह खून उस आदमी का है*
*जिसके टिफिन में बंद*
*रोटी की गंध*
*उस जाति की है*
*जो घर और दफ्तर के बीच*
*साईकिल चलाती है*
*और जिसके सपनों की उम्र*
*फ़ाइलों में बीत जाती है।*

1. **इस कविता में कवि क्या चित्रित कर रहा है?** 1

(क) सड़क पर खून को

(ख) आतंकवाद की समस्या को

(ग) व्यक्ति की पहचान को

(घ) संस्कृति को

2. **इस कविता की भाषा है-** 1

(क) बज्र

(ख) अवधी

(ग) मैथिली

(घ) खड़ी बोली

3. **इनमें से कौन-सा शब्द 'पत्थर' का पर्याय नहीं है-** 1

(क) प्रस्तर

(ख) पाषाण

(ग) शिला खंड

(घ) पत्रक

4. **इस कविता में क्या पहचानने को कहा है?** 1

(क) रंग को

(ख) रूप को

(ग) खून से व्यक्ति के धर्म, जाति व लिंग की पहचान करने को

(घ) चेहरा पहचानने को

5. **इनमें से कौन-सा शब्द अंग्रेज़ी भाषा का नहीं है-** 1

(क) टिफिन

(ख) साइकिल

(ग) फ़ाइल

(घ) सड़क

## खण्ड 'ख'

**प्रश्न 5.** (क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए। 2

**संबंध, सामीप्य**

(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित र का उचित स्थान पर प्रयोग कीजिए। 1

**पार्ण, वृण**

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करते हुए मानक रूप लिखिए।

**सन्धया, घण्टा** 1

**प्रश्न 6** (क) निम्नलिखित शब्दों में उपयुक्त स्थानों पर अनुनासिक चिह्नों का प्रयोग कीजिए। 1

**गंवार, कुंआ**

(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ता का प्रयोग करके शब्द पुनः लिखिए। 1

**राज, खुदा**

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्दों व प्रयुक्त उपसर्गों को अलग-अलग करके लिखिए।

**संभ्रांत, सफल,** 2

**प्रश्न 7** (क) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्दों व प्रयुक्त प्रत्ययों को अलग-अलग करके लिखिए।

**चिह्नित, आर्थिक** 2

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के अन्य पर्यायवाची रूप से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 2

(i) जब श्रीकृष्ण <u>शिशु</u> ये तब वह अन्य ..................... गोपालों के साथ खेला करते थे।

(ii) तुलसीदास ने <u>नारी</u> के लिए ........................... शब्द का भी प्रयोग किया है।

(iii) <u>राह</u> कितनी भी कठिन क्यों न हो, वीर अपने लिए ............................ बना ही लेते हैं।

(iv) <u>सर्प</u> को विषैला होने के कारण ............................ के नाम से जाना जाता है।

**प्रश्न 8** (क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम रूप से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।1 2

(i) कर्मधारय समास में एक पद <u>उपमान</u> व दूसरा पद .......................... होता है।

(ii) मनुल को <u>कल्पना</u> की दुनिया से निकल कर ........................... में जीना चाहिए।

(iii) <u>पूर्णिमा</u> की रात चाँदनी से भरपूर होती है परंतु ......................... की रात अँधेरी होती है।

(iv) स्थितियाँ दुखद हो या ............................... मनुष्य को अपना संतुलन नहीं खोना चाहिए।

(ख) निम्नलिखित शब्दों से ऐसे दो अलग-अलग वाक्यों की रचना कीजिए कि उनके दो अलग-अलग अर्थ स्पष्ट हो जाए। 2

पतंग, गति

**प्रश्न 9.** (क) निम्नलिखित शब्दों के लिए एक उपयुक्त शब्द का प्रयोग कीजिए। 2

(क) अच्छे कुल से संबंधित

(ख) संध्या और रात्रि के बीच का समय

(ग) कर्म के प्रति निष्ठा

(घ) अतिथि का सत्कार

(ख ) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए। 2

(क) बीमार आशा को जब मैं देखने गई तो उसका शरीर ......................... रहा था।

(ख) जब से आशा की नौकरी छूटी है तब से वह ......................... रही है।

(ग) ऑफिस में काम करते-करते अचानक अच्छे- भले श्री चव्हाण की ................. . ...और उनकी मृत्यु हो गई।

(घ) कभी-कभी किसी की छोटी सी बात भी ........................... छोड़ जाती है।

**खण्ड 'ग'**

**प्रश्न 10.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से ढूँढ़कर लिखिए। 5

*ऐसी लाल तुझ कऊन करे।।*
*गरीब निवाजु गुसईया मेरा साथै छत्रु धरे।।*
*जाकी छोति जगत कऊ लागै ता पर तुहीं ढरै।।*
*नीचहु ऊच करै मेरा गोविंदु काहू ते न डरै।।*
*नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै।।*
*कहि रविदास सुनहु रे संतहु हरिजीऊ तै समै सरै।।*

*(i)* **कवि ने प्रभु को किन-किन नामों से पुकारा है?** 1

(क) गोविदुं

(ख) गुसईया

(ग) लाल

(घ) उपरोक्त सभी

*(ii)* **कविता में कौन-सी भाषा का प्रयोग किया गया है?** 1

(क) अवधी

(ख) ब्रज

(ग) खड़ी बोली

(घ) मैथिली

*(iii)* **कविता में ''गरीब निवाजु'' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।** 1

(क) अमीरों पर कृपा करने वाला

(ख) दीन दुखियों पर कृपा करने वाला

(ग) अंगहीन पर कृपा करने वाला

(घ) व्यापारियों पर कृपा करने वाला

*(iv)* **कवि ने इस काव्यांश में किन संतों के नाम लिए है-** 1

(क) सधना सैनु

(ख) नामदेव कबीर

(ग) त्रिलोचन

(घ) उपरोक्त सभी

*(v)* **रैदास स्वयं को यहाँ क्या मानते हैं?** 1

(क) गरीब

(ख) स्वामी

(ग) लघु व तुच्छ

(घ) महान

**अथवा**

*चित्रकुट में रमि रहे, रहिमन अवध नरेश*
*जा पर विपदा-पड़त है सो आवत यह देस।*
*धनि रहीम जल-पंक को लघु जिय पियत अहाय।*
*उदधि बड़ाई कौन है जगत पिआसो जाया।।*

*(i)* **'रमि रहे' का अर्थ है?** 1

(क) घूमते रहे

(ख) प्रसन्नतापूर्वक रहे

(ग) दुख से रहे

(घ) चिंतित रहे

*(ii)* **चित्रकुट की क्या महिमा बताई गई है?** 1

(क) चित्रकुट को दुख– निवारक तथा शांतिदायक प्रदेश कहा गया है।

(ख) चित्रकुट को पहाड़ों का प्रदेश कहा गया है।

(ग) चित्रकुट को सुविधाजनक प्रदेश कहा गया है।

(घ) चित्रकुट को खतरों का प्रदेश कहा गया है।

(*iii*) **दोहे में 'पंक' शब्द का अर्थ है-**

1

(क) बादल

(ख) वृक्ष

(ग) कीचड़

(घ) गंदा पानी

(*iv*) **समुद्र क्यों महान नहीं हैं-** 1

(क) समुद्र विनाश कर सकता है।

(ख) समुद्र किसी की प्यास बुझाने में समर्थ नहीं है।

(ग) समुद्र प्यास बुझाने में समर्थ है।

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(*v*) **पंक जल अच्छा क्यों है?** 1

(क) उसमें जल कम है।

(ख) वह छोटे-छोटे प्राणियों की भी प्यास बुझाता है।

(ग) वह कमल को उत्पन्न करता है।

(घ) उसमें धान उत्पन्न होता है।

**प्रश्न** 11. पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखिए। **3+3 = 6**

(क) बुढ़िया के किस काम को क्यों अन्य लोग अपराध बता रहे थे व क्यों ?

(ख) शिखर पर चढ़कर लेखिका ने क्या -क्या किया?

(ग) लेखक ने धूरि को लोक संस्कृति का जागरण क्यों कहा है?

**प्रश्न** 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए। 5

'' हमारी देशभक्ति धूल को माथे से न, लगाए तो कम से कम उस पर पैर तो रखे''– आशय स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'' एवरेस्ट जैसे महान अभियान में खतरों को और कभी-कभी तो मृत्यु भी आदमी''को सहज भाव से स्वीकार करनी चाहिए ''। पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **अंक 5**

*ग्राम - भषाएY अपने सूक्ष्म बोधा से धूल की जगह गर्द का प्र्योग कभी नहीं करतीं।धूल, वह जिसे गोधूलि शब्द में हमने अमर कर अमराइयों के पीछे सूर्य की किरणों में जो धूलि सोने की मिट्टी कर देती है सूर्यास्त के उपरांत ठीक लीक पर गाड़ी के जाने के बाद जो रुई के बादल की तरह या ऐरावत हाथी के नक्षत्र-पथ की भाँति जहाँ की तहाँ स्थिर रह जाती है, चाँदनी रात में जाने वाली गाड़ियों के पीछे जो कवि-कल्पना की भाँति उड़ती चलती है, जो शिशु के मुँह पर, फूल की पंखुड़ियों पर साकार होकर छा जाती है– धूल उसका नाम है।*

*(i)* ग्राम भाषाओं में धूल की जगह गर्द का प्रयोग क्यों नहीं होता है? 1

*(ii)* धूल, बादल और ऐरावत के समान कब स्थिर हो जाते हैं? 1

*(iii)* रात में धूल किसके समान उड़ती रहती है? 1

*(iv)* धूल का सौदर्य कब और कैसे साकार हो जाता है? 2

**अथवा**

*एवरेस्ट की तरफ गौर से देखते हुए, मैंने एक भारी बर्फ़ का बड़ा फूल (प्लूम) देखा जो पर्वत-शिखर पर लहराता रहा था। मुझे बताया गया है यह दृश्य शिखर की ऊपरी सतह के आसपास 150 किलोमीटर अथवा इससे भी तेज हवा चलने के कारण बनता था, क्योंकि तेज हवा में सूखा बर्फ़ पर्वत पर उड़ता रहता है। बर्फ़ का यह ध्वज 10 किलोमीटर से भी लंबा हो सकता है। शिखर पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दक्षिण-पूर्वी पहाड़ी पर इन तूफानों को झेलना पड़ता है इस खराब मौसम में, फिर भी मैं एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित थी और चुनौतियों का सामना करना चाहती थी।*

(क) लेखिका को एवरेस्ट पर क्या दिखाई दिया? 1

(ख) तेज हवा में पर्वत पर क्या होता है? 2

(ग) लेखिका किसका सामना करना चाहती थी? 1

(घ) शिखर पर पहुँचने वाले को क्या-क्या झेलना पड़ सकता है? 1

**प्रश्न 14.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **3+3+3=9**

(क) आप कैसे कह सकते हैं कि रहीम के दोहों की प्रासंगकिता आज भी है?

(ख) आदमी-आदमी में अंतर-दर्शन के लिए कवि ने कौन-से उदाहरण दिए हैं?

(ग) रैदास जी ईश्वर के साथ किन-किन रूपों में एकाकार हो गए?

(घ) आदमीनामा कविता में कवि ने मनुष्यों पर क्या व्यंग्य किया है व क्यों?

**प्रश्न 15.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **3+3=6**

(क) भाई के बुलाने पर घर लौटते समय लेखक के मन में क्या -क्या विचार आए?

(ख) त्रिपुरा बहुधार्मिक समाज का उदाहरण कैसे बना?

(ग) लेखिका का ध्यान अपनी और आकृष्ट करने के लिए गिल्लू क्या-क्या करता था?

**प्रश्न 16.** महादेवी वर्मा को गिल्लू किस अवस्था में मिला व लेखिका ने उसका उपचार किस प्रकार किया?

**अथवा** **4**

मेरी रीढ़ की हड्डी में एक झुरझुरी सी दौड़ गई- लेखक के इस कथन के पीछे कौन-सी घटना जुड़ी है?

खण्ड 'घ'

**प्रश्न 17** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) भ्रष्टाचार एक समस्या-

- अर्थ
- कारण
- विभिन्न रूप
- समाज को खोखला
- राकेने के उपाय
- मेरी प्रतिज्ञा

(ख) सांप्रदायिकता-

- अर्थ
- बुराइयाँ
- राजनैतिक कारण
- धार्मिक कारण
- दूर करने के उपाय

(ग) मँहगाई-

- कारण
- समाज पर प्रभाव
- विकास में बाधक
- दूर करने के उपाय

**प्रश्न 18** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। **5**

*आपके एक मित्र ने आपसे एक मास पूर्व एक पुस्तक पढ़ने के लिए माँगी थी। बार-बार कहने के बावजूद उसने वह पुस्तक नहीं लौटाई। इस हेतु नाराजगी प्रकट करे हुए एक पत्र लिखकर तुरंत लौटाने का आग्रह कीजिए।*

***अथवा***

*आपका छोटा भाई छात्रावास में रहने गया है, वहाँ उसका मन नहीं लग रहा है, वह वापिस आना चाहता है, जीवन में त्याग का महत्व बताते हुए व उसका मार्गदर्शन करते हुए पत्र लिखिए।*

**कक्षा नवम**

**उत्तरमाला**

प्रश्न 1. $1 \times 5 = 5$

(*i*) ख
(*ii*) ख
(*iii*) ख
(*iv*) ग
(*v*) क

प्रश्न 2. $1 \times 5 = 5$

(*i*) ख
(*ii*) क
(*iii*) ग
(*iv*) क
(*v*) घ

प्रश्न 3. $1 \times 5 = 5$

(*i*) क
(*ii*) क
(*iii*) ग
(*iv*) क
(*v*) क

प्रश्न 4. $1 \times 5 = 5$

(*i*) ख

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (*ii*) | घ | |
| | (*iii*) | घ | |
| | (*iv*) | ग | |
| | (*v*) | घ | |
| प्रश्न 10. | (*i*) | (घ) | 1 |
| | (*ii*) | (क) | 1 |
| | (*iii*) | (ख) | 1 |
| | (*iv*) | (घ) | 1 |
| | (*v*) | (ग) | 1 |
| | | अथवा | |
| | (*i*) | (क) | 1 |
| | (*ii*) | (क) | 1 |
| | (*iii*) | (ग) | 1 |
| | (*iv*) | (ख) | 1 |
| | (*v*) | (ख) | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| *प्रश्न 11.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | 6 |
| *प्रश्न 12.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |
| *प्रश्न 13.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |
| *प्रश्न 14.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *9* |
| *प्रश्न 15.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *6* |
| *प्रश्न 16.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *4* |
| *प्रश्न 17.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |
| *प्रश्न 18.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |